**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र - (2020-21) ऑनलाइन माध्यम**

**कक्षा : तृतीय** **विषय : हिन्दी** **समय : 1 घंटा**

**नाम : ........................................... कक्षा एवं वर्ग : .................. दिनांक : ................ अनुक्रमांक :.....**

| दक्षताएं | पठन (5) | व्याकरण(3) | वर्तनी(2) | गद्य व पद्य(7) | रचनात्मक लेखन(6) | सुलेख (2) | योग (25) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

.......................................................................................................................................

**ऑनलाइन माध्यम - प्रश्नपत्र के प्रथम खंड में, पठन, व्याकरण, तथा वर्तनी संबंधी दक्षताओं की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें 1 अंक वाले कुल 10 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं । प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड में, पाठ्य पुस्तक के गद्य व पद्य, रचनात्मक लेखन तथा सुलेख से संबन्धित 3 अतिलघुउत्तरीय प्रश्न तथा 6 लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। इस प्रकार यह प्रश्नपत्र कुल 25 अंक का है। इस प्रश्न पत्र को गूगल फार्म या एमएस फार्म के माध्यम से कराया जा सकता है। इसकी समयावधि कुल 1 घंटा होगी (½ घंटा प्रथम खंड हेतु + ½ द्वितीय खंड हेतु)। इस प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड के प्रश्न क्र. 11 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर सभी विद्यार्थी अपनी कापी में लिखकर उनका फोटो खींचकर jpg अथवा pdf फ़ाइल में (जैसा संभव हो) निर्धारित स्थान (add file) में अपलोड करके सबमिट (submit) करेंगे। विद्यार्थियों को अपलोडिंग हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।**

.......................................................................................................................................

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

## (पठन) पठित गद्यांश (1x5 = 5)

निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक समझकर पढ़िए और उसके आधार पर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये।

तीन भाई थे। एक दिन सुबह के समय तीनों नए घरों की तलाश में निकल पड़े । गरम-गरम धूप में वे सड़क पर चलते चले गए| थोड़ी देर में आम का एक बड़ा पेड़ आया| उसके नीचे ठंडी छाह थ ।| तीनों भाई उसके नीचे आराम करने लगे । पेड़ के पके आम तोड़ - तोड़कर वे मीठा-मीठा रस चूसने लगे । बड़े भाई ने कहा - भाई मुझे तो यही जगह पसंद है।

प्र1. तीनों भाई किस के नीचे आराम करने लगे?

क) पंखे के नीचे ख) आम के पेड़ के नीचे ग) छत के नीचे

प्र2. वे किस की तलाश में निकले थे?

क) स्कूल की तलाश ख) दुकान की तलाश ग) घर की तलाश

प्र3. सड़क के किनारे किस का पेड़ आया?

क) नीम का पेड़ ख) आम का पेड़ ग) बरगद का पेड़

प्र4. आम के पेड़ पर कैसे आम थे?

क) मीठे ख) कच्चे ग) सड़े

प्र5. किस भाई को जगह पसंद आई?

क) बड़े भाई ख) छोटे भाई ग) बीच वाले भाई

## द्वितीय खंड (व्याकरण) 1x3 = 3 (MCQs)

प्र6. निम्न में से **'दुकान'** का बहुवचन क्या होगा?

क) दुकानें ख) दुकानियाँ ग) दूकानों

प्र7. निम्न में से आसमान का उलटे अर्थ वाला शब्द क्या होगा?

क) गगन ख) धरती ग) स्वर्ग

प्र8. निम्न में से नदी का समानार्थी शब्द लिखिए-

क) धारा ख) सरिता ग) प्रवाह

## तृतीय खंड - ( वर्तनी ) 1 x 2 =2 अंक (MCQs)

**प्र9. निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनिये।**

क) हाथी ख) हाती

**प्र10. निम्न में से सही शब्द कौन सा है? सही विकल्प चुनिये।**

क) जमीन ख) ज़मीन

## द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा )

**गद्य-पद्य संबंधी प्रश्न - प्रश्न क्र.11से13 तक**अति लघु उत्तरीय प्रश्न - (1 x 3 = **3** अंक)

**प्रश्न क्र. 14 से 15 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 2 = **4** अंक)

**रचनात्मक लेखन - प्रश्न क्र. 16 से 18 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 3 = **6** अंक)

**सुलेख - प्रश्न क्र. 19** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 1 = **2** अंक)

..........................................................................................................................

प्र11. तीनों भाई सुबह के समय किस लिए निकल पड़े?

उत्तर:- ........................................................................................................................

प्र12. झोपड़ी वाले बूढ़े ने क्या इलाज किया?

उत्तर:- ......................................................................................................................

प्र13. गाँव वाले किस जंगली जानवर से डरते थे?

उत्तर:- ......................................................................................................................

प्र14. मीरा बहन ने कहाँ और कौन सा आश्रम स्थापित किया?

उत्तर:- ..........................................................................................................................

प्र15. रोटी बनाने में कौन-कौन सी चीज़े इस्तेमाल होती हैं? कोई 4 नाम बताओ।

उत्तर:- ..........................................................................................................................

### ( रचनात्मक लेखन ) 2 x 3 = 6 अंक

**प्र16. प्रिय विद्यार्थियो नारियल के पेड़ के बारे में** 2 **वाक्य लिखिए।**

..................................................................................................................................

..................................................................................................................................

**प्र17. प्रिय विद्यार्थियो आपने जो भी यात्रा की हो, उस के बारे में 2 वाक्य लिखिए।**

...............................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

**प्र18. प्रिय विद्यार्थियो  अपने  प्रिय खेल के बारे में** 2 **वाक्य लिख दीजिये।**

.......................................................................................................................................................

......................................................................................................................................................

**( सुलेख ) 2 x 1 = 2 अंक**

**प्र19.नीचे लिखे गद्यान्श को सुंदरता एवं शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिख दीजिये।**

**"जल है तो कल है" बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती ।**

...............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

........................................................................................................................................................

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र-(2020-21) की अंक योजना**

**कक्षा : तृतीय** **विषय : हिन्दी**

**प्रथम खंड - (पठन) 5 अंक**

**प्रत्येक सही विकल्प चुनने के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा गलत विकल्प चुनने या कोई विकल्प न चुनने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के सही विकल्प इस प्रकार हैं।**

प्र1. तीनों भाई किस के नीचे आराम करने लगे ?

उत्तर- आम के पेड़ के नीचे

प्र2. वे किस की तलाश में निकले थे ?

उत्तर- घर की तलाश में

प्र3. सड़क के किनारे किस का पेड़ आया ?

उत्तर- आम का पेड़

प्र4. आम के पेड़ पर कैसे आम थे ?

उत्तर- मीठे

प्र5. किस भाई को जगह पसंद आई?

उत्तर- बड़े भाई

## द्वितीय खंड (व्याकरण) 1x3 = 3 (MCQs)

प्र6. निम्न में से **'दुकान'** का बहुवचन क्या होगा?

उत्तर- दुकानें

प्र7. निम्न में से आसमान का उलटे अर्थ वाला शब्द क्या होगा?

उत्तर- धरती

प्र8. निम्न में से नदी का समानार्थी शब्द बताओ-

उत्तर- सरिता

## तृतीय खंड - ( वर्तनी ) 1 x 2 =2 अंक (MCQs)

प्र9. निम्नलिखित शब्दों में से सही शब्द चुनिये।

उत्तर- हाथी

प्र10. निम्न में से सही शब्द कौन सा है? सही विकल्प चुनिये।

उत्तर- ज़मीन

## द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा ) 15 अंक
## (गद्य एवं पद्य)

**प्रश्न 11 से 13 तकप्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**
**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

प्र11. तीनों भाई सुबह के समय किस लिए निकल पड़े?

उत्तर:- तीनों भाई सुबह के समय घर की तलाश में निकल पड़े।

प्र12. झोपड़ी वाले बूढ़े ने क्या इलाज किया ?
उत्तर:- झोपड़ी वाले बूढ़े ने झाड़-फूँक का इलाज किया।

प्र13. गाँव वाले किस जंगली जानवर से डरते थे?
उत्तर:- बाघ से ।

**प्रश्न 14 से 15 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**
**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

प्र14. मीरा बहन ने कहाँ और कौन सा आश्रम स्थापित किया?
उत्तर:- मीरा बहन ने गेंवली गाँव में गोपाल आश्रम की स्थापना की।

प्र15. रोटी बनाने में कौन-कौन सी चीज़े इस्तेमाल होती हैं? कोई 4 नाम बताओ।
उत्तर:- चिमटा, तवा, बेलन तथा चकला।

## (रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 16 से 18 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।

परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।

## (सुलेख)

प्रश्न 19 हेतु विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए अनुच्छेद की शुद्धता, स्वच्छता, तथा उचित अक्षर, शब्द, वाक्य रचना के आधार पर आकलन करते हुए सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे तथा आंशिक उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा।

परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।